# स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल के प्राचार्य डॉ. बृजेश पांडेय राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लयि चयनति

## चर्चा में क्यों?

28 अगस्त, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल ब्रम्हपारा, अंबिकापुर के प्राचार्य डॉ. बृजेश पांडेय का चयन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2023 के लयि हुआ है।

## प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्राचार्य डॉ. पांडेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित करेंगी।
- राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लयि चयनति डॉ. बृजेश पांडेय ने विज्ञान के प्रति अभिरुचि जगाने के साथ बाल वैज्ञानिकों को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया। उनके दिशा-निर्देशन में कई बाल वैज्ञानिकों का मॉडल राष्ट्रीय स्तर में प्रदर्शित हो चुका है।
- डॉ. बृजेश पांडेय वर्ष 2018 में राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके हैं। प्राथमिक शिक्षा के बच्चों के लयि एक्टिविटी बुक के निर्धारण में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने डॉ. बृजेश पांडेय को बधाई देते हुए कहा है कि प्रदेश में बच्चों को अंग्रेज़ी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लयि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम स्कूलों की स्थापना की गई है। डॉ. बृजेश पांडेय का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लयि होने से अन्य स्कूलों के शिक्षकों एवं प्राचार्यों को प्रेरणा मिलेगी।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/principal-of-swami-atmanand-govt-english-medium-school-dr-brijesh-pandey-selected-for-national-teacher-award